राष्ट्रीय सहारा

सच कहने की हिम्मत

राष्ट्रीयता • कर्तव्य • समर्पण

नई दिल्ली। मंगलवार • 22 मार्च • 2016

सीबीएसई का बायोलॉजी का पेपर संतुलित आया

नई दिल्ली(एसएनबी)। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के बारहवीं के साइंस स्ट्रीम के परीक्षार्थियों का सोमवार को बायोलॉजी का पेपर आया। परीक्षा देने के बाद परीक्षार्थी जब बाहर आए तो उनके चेहरे खिले हुए थे। हालांकि सब्जेक्ट एक्सपर्ट यह भी कहते हैं कि कुछ सवाल थोड़े लैंदी थे। परीक्षार्थी मानसी जैन, एजाज हुसैन, प्रेरणा कांडपाल व प्राची ने बताया कि पेपर आसान था और किसी तरह की दिक्कत नहीं हुई।

पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की बायोलॉजी विषय की सब्जेक्ट एक्सपर्ट संध्या शर्मा व रोहिणी स्थित माउंट आबू पब्लिक स्कूल की सब्जेक्ट एक्सपर्ट वृंदा मेहता ने बताया कि पेपर काफी संतुलित था और बीते साल से आसान था। जेनेटिक्स के दो से तीन अंक वाले प्रश्न थोड़े लैंदी थे। जिन परीक्षार्थियों ने एनसीईआरटी के किताब से अच्छी तैयारी की होगी, वह अच्छे अंक ला सकेंगे। सब्जेक्ट एक्सपर्ट संध्या ने बताया कि पेपर कुल 70 अंकों का था। पेपर पांच सेक्शन में बंटा था। जिसमें एक सेक्शन में एक अंक वाले पांच प्रश्न, बी सेक्शन में दो अंक वाले पांच प्रश्न, सी सेक्शन में तीन अंक वाले 12 प्रश्न, डी सेक्शन में वैल्यू बेस्ड प्रश्न पूछा गया था। ई सेक्शन में तीन प्रश्न पांच अंकों वाले थे। वैल्यू बेस्ड प्रश्न में पूछा गया था कि सेक्स एजुकेशन दिया जाना चाहिए या नहीं।